# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

राष्ट्रीय राजमार्ग न. 15, जैसलमेर रोड़, बीकानेर पिन कोड: 334004
दूरभाष: 0151–2970177 ई–मेल: registrar@mgsubikaner.ac.in


क्रमांक : एफ.07(112)मगंसिंविबी / शैक्ष.–II / 2025 / 12584 दिनांक : 13/11/25

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालय,
महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय,
बीकानेर।

**विषय : सत्र 2026–27 का सम्बद्धता शुल्क जमा करवाने बाबत।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त समस्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार (बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ, श्रीगंगानगर) के ऐसे समस्त सोसायटी / ट्रस्ट जो कि सत्र 2026–27 से नया महाविद्यालय / संस्थान संचालित करना चाहते है अथवा पूर्व से संचालित राजकीय / निजी महाविद्यालय / संस्थान जो नया विषय / पाठ्यक्रम संचालित करना चाहते है अथवा सत्र 2026–27 की स्थाई / अस्थाई सम्बद्धता प्राप्त करना चाहते है, वे निर्धारित प्रारूप विश्वविद्यालय से प्राप्त कर पाठ्यक्रम एवं विषयों का स्पष्ट उल्लेख करते हुए सामान्य सम्बद्धता शुल्क के साथ **31 दिसम्बर, 2025** तक आवेदन करना सुनिश्चित करें। 31 दिसम्बर, 2025 के बाद सम्बद्धता शुल्क जमा करवाने की स्थिति में महाविद्यालय द्वारा नियमानुसार विलम्ब शुल्क देय होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।

विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mgsubikaner.ac.in पर उपलब्ध लिंक Online Affiliation Fee के द्वारा पंजाब नेशनल बैंक के चालान के माध्यम से ही विश्वविद्यालय कोष में सम्बद्धता शुल्क जमा करवाना सुनिश्चित करावें अन्य किसी ऑनलाइन पेमेन्ट माध्यम जैसे यू.पी.आई., नेट बैंकिग आदि से सम्बद्धता शुल्क जमा न करावें तथा महाविद्यालय द्वारा जमा करवाए गए सम्बद्धता शुल्क का चालान शैक्षणिक अनुभाग–प्रथम की ई–मेल आई डी academic@mgsubikaner.ac.in पर भी अनिवार्य रूप से प्रेषित करावें एवं अधिक जानकारी के लिये समय–समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

कुलसचिव

क्रमांक : एफ.07(112)मगंसिंविबी / शैक्ष.–II / 2025 / दिनांक :

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित है :–

1. निजी सचिव–कुलगुरु, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
2. वित्त नियंत्रक, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
3. उप कुलसचिव, शैक्षणिक अनुभाग–प्रथम, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।

अतिरिक्त कुलसचिव